राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

लायंस क्लब दिल्ली वेज द्वारा 'उद्यमी उत्कृष्टता सम्मान समारोह' आयोजित

उद्यमी नवाचार से उत्कृष्टता हासिल करते देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दें

—राज्यपाल

जयपुर, 6 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उद्यमियों का आह्वान किया है कि वे नवाचार के माध्यम से उत्कृष्टता हासिल करते हुए देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दें।

श्री मिश्र शनिवार को एक होटल में लायंस क्लब दिल्ली वेज द्वारा आयोजित 'उद्यमी उत्कृष्टता सम्मान समारोह' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मानित होने वाले उद्यमियों को बधाई देते हुए उनसे राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए उद्यमी प्रदेश में नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आएं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के तहत प्रदेश में लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित किए जाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने देश की अर्थव्यवस्था में राजस्थान के उद्यमियों की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि जहां—जहां मारवाड़ी उद्यम के लिए पहुंचे हैं, वहां—वहां विकास हुआ है। उन्होंने उद्यमियों को नवाचारों के जरिए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्म निर्भर भारत' की चर्चा करते हुए युवाओं में उद्यमिता के प्रसार को बढ़ावा दिए जाने पर भी जोर दिया।

श्री मिश्र ने मनुष्य के चार ऋणों की चर्चा करते हुए कहा कि इनसे उऋण तभी हो सकते हैं जब केवल अपने लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मनुष्यता के कल्याण की सोच रखते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने लायंस क्लब, दिल्ली वेज द्वारा शाकाहारी भोजन और शाकाहारवाद के लिए कार्य करने के साथ ही क्लब द्वारा समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए जाने की सराहना भी की।

राज्यपाल ने पूर्व में 45 उद्यमियों को उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थितजनों को संविधान उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

जयपुर के सांसद श्री रामचरण बोहरा ने सम्मानित उद्यमियों को बधाई दी। लायंस क्लब दिल्ली वेज के चार्टर अध्यक्ष लॉयन गौरव गुप्ता ने क्लब की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष और बीकानेरवाला ग्रुप के निदेशक श्रीनवरतन अग्रवाल, जोनल चेयरमेन डॉक्टर विनोद के. वर्मा, कार्यक्रम की सह—आयोजक नेहासिंह तथा विभिन्न देशों के राजदूत आदि उपस्थित थे।

———